78 N.A. 24

मध्यप्रदेश विधान सभा सचिवालय

प्रश्न

उत्तर भेजने का अंतिम दिनांक 30/03/2011

वर्ग 1 बैठक का दिनांक 08/04/2011 विभाग का नाम पंचायत और ग्रामीण विकास

विषय:- एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस.से चल रहे विभागीय निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की जॉच के सम्बन्ध में ।

(तारांकित प्रश्न क्रमांक 6820) श्री राजेश कुमार वर्मा

क्या सामाजिक न्याय मंत्री महोदय यह बताने की कृपा करेंगे कि :-

(क) प्रश्नकर्ता द्वारा कलेक्टर पन्ना को लिखे पत्र क्रमांक 391/2009 दिनांक 8/12/2009 के द्वारा जनपद पंचायत गुनौर अन्तर्गत चल रहे एम.जी.एन.आर.ई.जी.एस. के तहत निर्माण कार्यो की गुणवत्ता की जॉच हेतु पत्र लिखा गया था ।जिनकी जांच कार्यपालन यंत्री ग्रामीण यांत्रिकी सेवा पन्ना द्वारा की गई, यदि यह सही है,तो क्या इस अधिकारी द्वारा निर्माण कार्यो की व्यापक तथा पृथक-पृथक जॉच की गई ?

(ख) क्या इन निर्माण कार्यों में निर्मित या निर्माणाधीन पुलियों की भी जॉच की गई है ? यदि हॉ तो इनके जॉच का आधार क्या रहा है ? क्या तकनीकी स्वीकृति के आधार पर इन पुलियों में नींव स्तर से लेकर ऊपर स्तर तक हर स्तर की जॉच की गई है ?

(ग) क्या जॉच कर्ता अधिकारी द्वारा जॉच के दौरान कोई त्रुटि पाई गई है ? यदि हॉं,तो क्या कमी पाई गई ? कृपया बताएँ । क्या इसमें किसी के खिलाफ कार्यवाही करने का लेख किया गया है ? यदि हॉं,तो उसका विवरण दें तथा कृतकार्यवाही से अवगत कराऐं ?

(घ) प्रश्नांकित दिनांक को क्या ये निर्माण कार्य पूर्ण कर लिए गए है ? यदि हां तो कार्यपूर्ति का दिनांक, कार्य पर किया गया कुल व्यय, कार्य का कुल मूल्यांकन तथा कार्य की स्वीकृति तिथि तथा स्वीकृति राशि के साथ-साथ कृपया बताऐ कि क्या ये कार्य निर्धारित गुणवत्ता में कराए गए हैं, यदि हॉं तो निर्माण एजेन्सी द्वारा इस तथ्य का प्रमाण पत्र पस्तुत करें ?

यथा संशोधित पंजीकृत

म.प्र राज्य रोजगार गारंटी परिषद,
(म.प्र शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधीन गठित पंजीकृत संस्था)
59, सी–विंग, नर्मदा भवन, द्वितीय तल, अरेरा हिल्स, भोपाल

SK-09/P-16

पृ. क्रमांक 8001 / वि.स. / एनआर–11 / 2011, भोपाल, दिनांक : 19 / 03 / 2011

प्रतिलिपि :–

1 कलेक्टर / मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जि.प. पन्ना म.प्र. की ओर विधानसभा प्रश्न की प्रति संलग्न कर लेख है कि उक्त प्रश्न का उत्तर दिनांक 24 / 03 / 2011 तक निश्चित रूप से इस कार्यालय को 10 प्रतियों में उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

2. आयुक्त सागर संभाग की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु अग्रेषित।

3 मुख्य अभियंता, म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद, मुख्यालय भोपाल की ओर सूचनार्थ।

19/3/2011

(प्रद्युम्न शर्मा)
संचालक
जन.शि.एवंगुण.नि.प्रको.
म.प्र. राज्य रोजगार गारंटी परिषद,भोपाल
कार्या. फोन न. 0755–2551489 फैक्स 2550094
ई-मेल nrega vs@yahoo.co.in, rddmp@yahoo.co.in

nrega vs@yahoo.co.in rddmp@yahoo.com